प्रथम अध्यक्षता और भेंट करने वाला शिक्षा संदेश, जुलाई 2012

प्रथम अध्यक्षता संदेश, जुलाई 2012

हमेशा मध्य में रहना

अध्यक्ष डिटयर एफ. उक्डॉर्फ द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार
अध्यक्ष डिटयर एफ. उक्डॉर्फ

संसार के कई कलैंडरों के अनुसार, जुलाई साल के मध्य को दिखाता है । जबकि बहुत सी बातों का शुरू होना और समाप्त होने का समारोह मनाया जाता और याद किया जाता है, लेकिन मध्य की बहुत सी बातों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है ।

शुरूआत निर्णय लेने के, योजनाएं बनाने के, जोश जगाने के समय होते हैं । अंत समेटने और काम पूरा या नुकसान होने की अनुभूतियों से जुड़े होते हैं । लेकिन उचित देखभाल, अपने-आप का काम *के मध्य में* आंकलन करने से न केवल हमें जीवन को अच्छी तरह समझने में मदद मिलती है लेकिन इसे थोड़ा और अधिक अर्थपूर्ण तरीके से जीने में भी मदद मिलती है ।

प्रचारक कार्य का मध्य

जब मैं अपने युवा प्रचारकों से बातें करता हूं, मैं उन्हें अक्सर बोलता हूं वे अपने मिशन के मध्य में हैं । चाहे वे एक दिन पहले आए हों या उन्हें एक दिन बाद घर वापस जाना हो, मैं उन्हें हमेशा मध्य में होने को सोचने के लिए कहता हूं ।

नए प्रचारक महसूस करते हैं कि प्रभावशाली होने के लिए उनके पास अनुभव नहीं है, और इसलिए वे आत्म-विश्वास से और साहस से बातें करने या कार्य करने में देर करते हैं । अनुभवी प्रचारक जो कि अपने मिशन की समाप्ति पर हैं वे सोचते हैं कि उन का मिशन अब खत्म होने वाला है, या उनकी कार्य करने की गति धीमी हो जाती है क्योंकि वे सोचना शुरू कर देते हैं कि वे मिशन के बाद क्या करेंगे ।

परिस्थितियां जैसी भी हों और चाहे कहीं भी वे सेवा करते हैं, सच्चाई यह है कि प्रभु के प्रचारक प्रतिदिन सुसमाचार के अनगिनत बीज बोते हैं । हमेशा अपने आपको मिशन के मध्य में सोचने से प्रभु के इन विश्वासी प्रतिनिधियों को साहस और जोश मिलेगा । ऐसा पूरे समय के प्रचारकों के साथ होता है, यही हम सब के साथ भी होता है ।

हम हमेशा मध्य में हैं

दृष्टिकोण में यह परिवर्तन मन के एक सरल उपाय से अधिक है । हम हमेशा मध्य में हैं इस विचार के पीछे एक उत्कर्ष सच्चाई है । यदि हम नक्शे में अपनी स्थिति देखें तो हमें कहना चाहेंगे कि हम शुरू में हैं । लेकिन यदि हम अधिक ध्यान से देखें, हम जहां कहीं भी हैं हम बहुत बड़े स्थान के मध्य में हैं ।

जैसा यह स्थान के साथ है, वैसा ही यह समय के साथ भी है । हम महसूस कर सकते हैं कि हम अपने जीवन की शुरूआत या अंत में हैं, लेकिन जहां हम हैं उसे जब हम अनंतता के संदर्भ में देखते हैं---जब हम महसूस करते हैं कि हमारी आत्मा हमारी नापने की क्षमता से भी पहले अस्तित्व में थी और, यीशु मसीह के परिपूर्ण बलिदान और प्रायश्चित के कारण, कि हमारे प्राण आने वाली अनंतता तक कामय रहेगें---हम समझ जाते हैं कि हम सचमुच में मध्य में हैं ।

हाल ही में मैंने अपने माता-पिता के कब्र के सिरों के पत्थरों को ठीक करवाने के लिए प्रभावित हुआ । कब्र के आस-पास की जगह समय बीतने के साथ काफी खराब हो चुकी थी, और मैंने महसूस किया कि सिरे के नए पत्थर उनके आदर्श जीवन के साथ अधिक उपयुक्त रहेंगे । जब मैंने सिरे के पत्थरों पर जन्म तिथि और मृत्यु तिथि के बीच निरर्थक से लगने वाले सामान्य डैश की ओर देखा, जीवन के फैलाव के इस छोटे से चिन्ह ने मेरे मन और हृदय में कई समृद्ध यादों को भर दिया । इन बेशकीमती यादों मे से प्रत्येक ने मेरे माता-पिता के जीवन के मध्य और मेरे जीवन के मध्य के क्षण को दिखाया ।

हमारी आयु कुछ भी हो, हम कहीं भी रहते हों, जब हमारे जीवन में घटनाएं घटती हैं, हम हमेशा मध्य में होते हैं । इससे अधिक महत्वपूर्ण है, हम हमेशा मध्य में ही रहेंगे ।

मध्य में होने की आशा

हां, हमारे जीवन भर शुरूआत के क्षण और समाप्ति के क्षण होते हैं, लेकिन ये हमारे अनंत जीवन के महान मध्य के चिन्ह मात्र हैं । चाहे हम शुरू में हो या समाप्ति पर, चाहे हम युवा हों या वृद्ध, प्रभु हमें अपने उद्देश्यों के लिए उपयोग कर सकते हैं यदि हम योग्यता के अनुसार सेवा करते और उसकी इच्छा को हमारे जीवन को स्वरूप देने दें ।

भजन का लिखने वाला कहता है, ''आज वह दिन है जो यहोवा ने बनाया है; हमें इस में मगन और आनंदित होना [चाहिए] । (भजना संहित 118:24) । अमूलक हमें याद दिलाता है कि ''इस जीवन का समय मनुष्य के लिए परमेश्वर से मिलने की तैयारी करने का समय है'' (अलमा 34:32;
महत्व जोड़ा गया है) । और कवि चिंतन करते हैं,''Forever—is composed of Nows ।'' 1

हमेशा मध्य में होने का अर्थ है कि खेल कभी समाप्त नहीं होता, आशा कभी खोती नहीं, हार कभी अंतिम नहीं होती । क्योंकि हम चाहे कहीं भी रहें या हमारी परिस्थितियां कुछ भी हों, शुरूआत की अनंतता और समाप्ति की अनंतता हमारे सामने फैली हुई है ।

हम हमेशा मध्य में होते हैं ।

विवरण

1.Emily Dickinson, "Forever—is composed of Nows," *The Complete Poems of Emily Dickinson*,ed. Thomas H. Johnson (1960), 624 में ।

इस संदेश से शिक्षा

परिवार के साथ चर्चा करने के विषय में विचार करें कि वे कैसे ''हमेशा मध्य में हैं,'' बेशक वे किसी काम के शुरू में हों या अंत में । उन्हें उनकी वर्तमान गतिविधि में सर्वोत्तम करने के लिए उत्साहित करें, अतीत में न खोएं रहें या अगली गतिविधि या योजना की प्रतिक्षा न करें । आप उन्हें परिवार के रूप में इस सलाह पर किसी एक काम का चुनाव करने और उस लक्ष्य को पाने का एक दिन निश्चत करने का सुझाव दे सकते हैं ।

मिशन की अपनी तैयारी के मध्य में

अध्यक्ष उक्डोर्फ प्रचारकों को अपने मिशन के मध्य में होने को सोचने के लिए कहते हैं । आप इस विचार का उपयोग अपने मिशन की तैयारी में लागू कर सकते हैंः चाहे आप 12 के हों या 18 के, आप मिशन में सेवा करने की तैयारी कर सकते हैं ।
आप अपने मिशन की तैयारी ''के मध्य में'' क्या कर सकते हैं ?

•हमेशा मंदिर में जाने के योग्य रहें ।
•अपनी प्रेरणाओं को लिखकर और उनके अनुसार कार्य करके पवित्र आत्मा की प्रेरणाओं को पहचानना सीखें ।
•प्रचारकों के लिए प्रार्थना करें ।
•अपने क्षेत्र के प्रचारकों से पूछें कि वे आपको मिशन में सेवा करने के लिए क्या सुझाव देते हैं ।
•सेवा करने, धर्मशास्त्रों का अध्ययन, और दैनिकी लिखने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल करके अपने समय को प्रभावशाली ढंग से व्यवस्थित करना सीखें ।
•जब अपने परिवार के सदस्य के साथ बात करते हैं, उस धर्मशास्त्र को बांटे जिससे हाल ही में आप प्रेरित हुए थे । व्याख्या करें कि आप धर्मशास्त्र के विषय में क्या सोचते हैं ।
•अपने मित्रों से उनके धर्म और उनके विश्वास के बारे में पूछें । अपने विश्वास को बांटने के इच्छुक रहें । उन्हें गिरजे या गतिविधियों में आने का निमंत्रण दें ।

जब आप पहचानते हैं कि आप अपने मिशन की तैयारी के मध्य में हैं, आप अपने जीवन को प्रभु के भरोसे और आत्मा की संगति के अधिक योग्य हो कर जी सकते हैं ।
हर कोई अभी कुछ न कुछ कर सकता है

1.अध्यक्ष उक्डोर्फ सीखाते हैं कि चाहे आपकी आयु कुछ भी हो, आप दूसरों की मदद करने के लिए कुछ न कुछ कर सकते हो । अपनी दैनिकी या एक कागज में, अपने उपहारों या योग्यताओं को लिखें । अपने माता-पिता से पूछें आपके उपहार क्या हैं ।
2.दूसरों की मदद करने के लिए आप अपने उपहारों का कैसे उपयोग कर सकते हो ?
3.अपने उपहारों की सूची के अंत में, इस हफ्ते उन उपहारों का उपयोग दूसरों की मदद करने के लिए किसी एक तरीके को लिखें ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । First Presidency Message, July 2012 का अनुवाद । Hindi । 10367 294

भेंट करने वाला शिक्षा संदेश, जुलाई 2012

प्रेम और सेवा के द्वारा अपनी शिष्यता का प्रदर्शन करना

प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें ।

विश्वास, परिवार, सहायता

अपने संपूर्ण नश्वर जीवन के दौरान, यीशु मसीह ने दूसरों की सेवा करते हुए अपने प्रेम को प्रदर्शित किया था । उन्होंने कहा था, ''यदि आपस में प्रेम रखोगे तो इसी से सब जानेंगे, कि तुम मेरे चेले हो'' (यूहन्ना 13:35) । उन्होंने उदाहरण रखा है और चाहते हैं कि हम उन्हें ''राहत दें जिन्हें हमारी राहत की जरूरत हैं'' (मुसायाह 4: 16) । उन्होंने दूसरों की सेवा करने और अपने समान बनने का मौका देकर अपने सेवकों को उसकी सेवकाई में काम करने के लिए अपने शिष्यों को नियुक्त किया था । 1

भेंट करने वाली शिक्षिका के रूप में हमारी सेवा हमारे उद्धारकर्ता की सेवकाई के समान बन सकती है जब हम उनके लिए अपने प्रेम को प्रदर्शित करते हैं जिन से हम भेंट करते हुए निम्नलिखित करते हैंः 2

•उनके नाम और उनके परिवारों के सदस्यों के नामों को याद रखें और उन से जान पहचान करें ।
•बिना किसी का पक्ष लिए हुए उन से प्रेम रखें ।
•उनकी देखभाल करें और उनके विश्वास को मजबूत करें, जैसा उद्धारकर्ता ने किया था (3 नफी 11:15) ।
•उनके साथ सच्ची मित्रता स्थापित करें और उनके घर और कहीं बाहर उनसे मिलें ।
•प्रत्येक बहन का ख्याल रखें । जन्मदिन, पास होने, विवाह का दिन, बपतिस्मा का दिन, या अन्य कोई दिन जो उनके लिए महत्वपूर्ण है याद रखें ।
•नए और कम सक्रिय सदस्यों मिलें ।
•अकेले या जिन्हें दिलासा की जरूरत है उनसे मिलें ।
धर्मशास्त्रों से 3 नफी 11; मरोनी 6:4; सिद्धांत और अनुबंध 20:47

हमारे इतिहास से

''नए नियम में नाम और बेनाम उन स्त्रियों के अभिलेख हैं, जिन्होंने यीशु मसीह में विश्वास का उपयोग किया था । ... वे स्त्रियों आदर्श शिष्य बनी थी । ... [उन्होंने] यीशु और उसके बारह प्रेरितों के साथ यात्रा की थी । उन्होंने उसकी सेवकाई में अपने संपत्ति दी थी । उसकी मृत्यु और पुनरूत्थान के पश्चात, [वे] विश्वासी शिष्य बनीं रही थी ।'' 3

पौलुस ने फीबे नाम की स्त्री के बारे में लिखा है, जो ''गिरजे की सेविका थी'' (रोमियों 16:1)। उसने लोगों से कहा था ''जिस किसी बात में उस को तुम से प्रयोजन हो, उसकी सहायता करो; क्योंकि वह भी बहुतों की उपकारिणी हुई है'' (रोमियों 16:2)। ''जिस प्रकार की सेवा फीबे और नए नियम की अन्य महान स्त्रियों ने दी है, सहायता संस्था की सदस्याएं--मार्गदर्शक--भेंट करने वाली शिक्षिकाएं, मांए, और अन्य आज भी उसे जारी रखी हुए हैं--जो कइयों की उपकारिणी, या मददगार की तरह काम करती हैं।'' 4

विवरण

1.देखें *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 105।
2.देखें *Handbook 2: Administering the Church* (2010), 3.2.3।
3.*Daughters in My Kingdom,* 3।
4.*Daughters in My Kingdom,* 6।

अधिक सूचना के लिए, www.reliefsociety.lds.org पर जाएं।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1.दूसरों का पोषण करने की योग्यता को मैं कैसे बढ़ा सकती हूं ?
2.मैं यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर सकती हूं कि जिस बहनों की मैं देख**भाल करती हूं कि वे जानें कि मैं उनसे प्रेम करती हूं ?**

© 2012 Intellectual Reserve, Inc.
द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित। भारत में छपी। अंग्रेजी अनुमतिः 6/11। अनुवाद अनुमतिः 6/11। Visiting Teaching Message, July 2012 का अनुवाद। Hindi। 10367 294